भावी योजनाएँ

- केंद्र सरकार एवं इसके नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों/विभागों/उपक्रमों/निगमों/निकायों/राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्रदान कराने के साथ-साथ उन्हें उनके कार्यालयीन कार्य में हिंदी की दक्षता एवं कौशल प्रदान कराना ।
- हिंदी भाषा के सभी प्रशिक्षण केंद्रों को कंप्यूटर एवं इंटरनेट आदि सुविधाओं से लैस करने के पश्चात इन केंद्रों पर भी ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं ऑनलाइन परीक्षाएँ आयोजित करवाना।
- भविष्य में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान/हिंदी शिक्षण योजना के परीक्षा स्कंध द्वारा सी-डैक, पुणे से केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान / हिंदी शिक्षण योजना को ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली के हस्तांतरण के बाद ऑनलाइन परीक्षाओं का आयोजन स्वतंत्र रूप से किया जाना ।
- 'पारंगत' पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजना प्रारंभ करवाना।
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रशिक्षण दिए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करवाना।
- लीला प्रबोध, प्रवीण प्राज्ञ के वेब वर्जन का मोबाइल ऐप तैयार करवाने के साथ 'हिंदी प्रावाह' पाठ्यक्रम का भी वेब वर्जन एवं मोबाइल ऐप तैयार करवाना।
- जनवरी 2018 से प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग पूरी तरह से हिंदी भाषा, हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रणाली के माध्यम से करना।